समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


# ‘ऑपरेशन शील्ड’ की मॉक ड्रिल फिलहाल स्थगित, नई तारीख जल्द होगी घोषित! क्या है इसके पीछे की वजह ?


Publisher

Published on 29 May 2025





## 29 मई को होनी थी देशभर मे हांई अलर्ट मॉक ड्रिल, गृह मंत्रालय ने अचानक रोकी प्रक्रिया, सीमावर्ती राज्यों को दिए गए नए निर्देश।

**नई दिल्ली :** गुरुवार 29 मई 2025 को केंद्र सरकार द्वारा देश के कई संवेदनशील और सीमावर्ती इलाकों में ‘**ऑपरेशन शील्ड**’ नामक एक बड़े **सिविल डिफेसं अभ्यास (Mock Drill)** का आयोजन किया जाना था। लेकिन अब इस मॉक ड्रिल को **कुछ प्रशासनिक कारणों** से **तुरंत प्रभाव से स्थगित** कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि मॉक ड्रिल की **नई तारीख जल्द घोषित** की जाएगी।

**किन राज्यों मे हांेनी थी मॉक ड्रिल ?**
गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार यह **मॉक ड्रिल गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और चंडीगढ़** सहित **कुछ केद्रंशासित प्रदेशों** में होनी थी। इस अभ्यास में हवाई **हमले की स्थिति, ब्लैकआउट, आपातकालीन निकासी, और मेडिकल सपोर्ट** जैसे परिदृश्यों पर तैयारी की जानी थी।

लेकिन अब इन सभी राज्यों में ड्रिल को स्थगित कर दिया गया है, और संबंधित प्रशासन को इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**क्यों रोकी गई मॉक ड्रिल ?**
सूत्रों के मुताबिक, इस मॉक ड्रिल को रोके जाने का कारण **प्रशासनिक स्तर पर कुछ जरूरी प्राथमिकताएं** हैं। इस ड्रिल की घोषणा के बाद जनता में कई सवाल और भ्रम भी पैदा हो गए थे, जिससे **सुरक्षा व्यवस्था** और **लॉजिस्टिक्स** को लेकर जमीनी स्तर

पर कुछ चुनौतियां सामने आईं।

इसके पहले भी **7 मई को 244 जिलों मे इंसी तरह की मॉक ड्रिल की योजना** बनी थी, लेकिन **भारतीय सेना** द्वारा पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किए जाने के कारण वह ड्रिल भी टाल दी गई थी।

**मॉक ड्रिल क्यों है ज़रूरी ?**

इस तरह की ड्रिल का उद्देश्य यह होता है कि देश की **जनता और प्रशासनिक** तंत्र किसी भी आपात स्थिति में **संगठित** और **प्रशिक्षित रूप** से प्रतिक्रिया दे सकें। '**ऑपरेशन शील्ड**' जैसे अभ्यास **राष्ट्रीय सुरक्षा** के दृष्टिकोण से बेहद अहम होते हैं, खासकर जब सीमा पर तनाव बढ़ा हुआ हो।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.